आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 19.03.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा के पहले चरण के चुनाव की अधिसूचना कल जारी होगी।
- भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की सभी पांच लोकसभा सीट पर प्रत्याशियों के नामांकन तिथियों की घोषणा की।
- निर्वाचन आयोग ने चुनाव में अवैध धन के प्रयोग पर रोक लगाने के लिए नियम जारी किए।
- आईएएस दिलीप जावलकर उत्तराखंड के नए गृह सचिव का पदभार संभालेंगे।
- लखनऊ–देहरादून के बीच 26 मार्च से नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा शुरू होगी।

चुनाव अधिसूचना

लोकसभा के पहले चरण के चुनाव की अधिसूचना कल जारी की जाएगी। इस चरण में 17 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों में लोकसभा की एक सौ दो सीटों के लिए चुनाव होगा। पहले चरण में उत्तराखंड की सभी सीट के लिए चुनाव होगा। उम्मीदवार इस महीने की 27 मार्च तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं जबकि मतदान 19 अप्रैल को होगा। लोकसभा चुनाव देशभर में सात चरणों में कराए जाएंगे और वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

निर्देश जारी

लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से देशभर में आचार संहिता लागू हो गई है। चुनाव आयोग ने चुनाव में अवैध धन के प्रयोग पर रोक लगाने के लिए नियम जारी किए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि पार्टियों के स्टार प्रचारक और पार्टी पदाधिकारी अपने साथ एक लाख रुपये तक रख सकते हैं। उम्मीदवार भी इसी तरह अपने साथ नकद ले जा सकता है, लेकिन उससे पूछताछ की जा सकती है। पूछताछ में धनराशि से जुड़े जरूरी दस्तावेज दिखाना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि किसी पार्टी से जुड़े व्यक्ति के बैंक से 10 लाख रुपये या इससे अधिक की धनराशि निकालने और जमा करने पर बैंक इसकी सूचना जिला निर्वाचन अधिकारी को देगा।

चुनाव प्रशिक्षण

प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शिता व शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज बागेश्वर जिले में प्रशिक्षण के पहले चरण के पहले दिन 510 पीठासीन अधिकारियों को मतदान और ईवीएम वीवीपैट का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि लोकतंत्र की नींव रखने में पीठासीन व मतदान अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया को शान्तिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी को सहयोग देने की अपील की। उधर, चमोली में जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना की उपस्थिति में पीजी कॉलेज और राजकीय इंटर कॉलेज गोपेश्वर में पीठासीन अधिकारियों व प्रथम मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण शुरू हुआ। मतदान कार्मिकों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दो दिवसीय प्रशिक्षण में 1 हजार 6 सौ 24 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

फ्लैग मार्च

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संवेदनशील स्थानों पर देहरादून पुलिस ने अर्द्ध–सैनिक बलों के साथ राजपुर क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान, मिश्रित आबादी और संवेदनशील स्थानों पर लोगों से आचार संहिता का पालन करने के साथ निष्पक्ष होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

दिलीप जावलकर – गृह सचिव

आईएएस दिलीप जावलकर उत्तराखंड के नए गृह सचिव होंगे। नए गृह सचिव के लिए राज्य के पैनल की ओर से तीन नामों का प्रस्ताव आयोग को भेजा गया था। केंद्रीय चुनाव आयोग ने तीन नामों के पैनल में से दिलीप जावलकर के नाम पर मुहर लगाई है। वर्तमान में श्री जावलकर वित्त सचिव का पदभार संभाल रहे हैं।

घोषणापत्र मंजूरी

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के घोषणापत्र को मंजूरी देने के लिए नई दिल्ली में पार्टी कार्यसमिति की बैठक संपन्न हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, पी. चिदम्बरम, दिग्विजय सिंह, अजय माकन तथा के. सी. वेणुगोपाल सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता भी बैठक में उपस्थित थे। लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए आज शाम कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की भी बैठक हो सकती है।

नामांकन तिथियां तय

लोकसभा निर्वाचन को लेकर उत्तराखण्ड में भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्याशियों के नामांकन को लेकर तिथियों की घोषणा कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी 22 मार्च को अल्मोड़ा और हरिद्वार सीट के लिए नामंकन भरेंगे। उन्होंने अन्य सीटों से भी प्रत्याशियों के नामंकन भरने की तिथि की जानकारी दी।

शराब बरामद

लोक सभा सामान्य निर्वाचन को देखते हुए प्रदेश के सीमावर्ती जिलों के प्रमुख स्थानों पर स्थैतिक निगरानी टीमों द्वारा निगरानी की जा रही है। इसी के तहत उत्तरकाशी जिले के अयांरखाल–बूढ़ाकेदार मार्ग पर एस.एस.टी द्वारा 25 पेटी अवैध शराब से भरे वाहन को पकड़ा गया है। बरामद शराब की कीमत दो लाख रूपये से अधिक आंकी गई है।

नकदी बरामद

प्रदेश में सामान्य लोकसभा निर्वाचन को शांतिपर्वूक और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने को लेकर प्रदेश पुलिस अलर्ट मोड पर है। इसी के तहत आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन के दृष्टिगत वाहन चेकिंग के दौरान देहरादून पुलिस और एफएसटी टीम ने सात लाख रुपये नकद बरामद किए। आरोपित से पूछताछ के दौरान संतोषजनक जवाब न मिलने पर पुलिस ने इस धनराशि को जब्त कर लिया है।

यू०सी०सी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता–यू०सी०सी को कानून बनाने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक समिति का गठन किया गया है। श्री धामी ने कहा कि जल्द ही अधिनियम लागू किया जाएगा।

वंदे भारत एक्सप्रेस

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए लखनऊ और देहरादून के बीच एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का निर्णय किया है। यह वंदे भारत ट्रेन इस महीने की 26 तारीख से शुरू होगी। उत्तर रेलवे की विज्ञप्ति के अनुसार वंदे भारत एक्सप्रेस प्रत्येक सोमवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। यह रेलगाडी लखनऊ से चल कर बरेली जंक्शन, मुरादाबाद जंक्शन और हरिद्वार होते हुए देहरादून पहुंचेगी।

मॉकड्रिल

बागेश्वर में रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान में आपदा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल में आपदा के दौरान विषम परिस्थितियां आने पर उनसे निपटने का अभ्यास किया गया। इसमें एक सौ से अधिक डीएलएड प्रशिक्षुओ और विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने हिस्सा लिया। ट्रेनर भुवन चौबे ने बताया कि बागेश्वर जिला भूकंप और भूस्खलन की दृष्टि से जोन पांच में आता है। उन्होंने बताया कि मॉकड्रिल में सभी दलों ने आपस में समन्वय बनाते हुए दिए गए टास्क पर काम किया।

गंगा स्वच्छता पखवाड़ा

चमोली जिले के गोपेश्वर महाविद्यालय में गंगा स्वच्छता मिशन के अंतर्गत नमामि गंगे के तत्वावधान में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। गंगा व जलस्रोतों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वच्छता पखवाड़े के तहत आयोजित भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डॉ. भालचंद्र नेगी ने छात्रों को गंगा के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन सभी विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से जन जागरूकता लाना है।

होली रंग महोत्सव

चम्पावत जिले के लोहाघाट में दो दिवसीय होली रंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। होली महोत्सव में जिले के विभिन्न स्थानों से आये महिला और पुरूष होल्यार दल प्रतिभाग कर खड़ी होली का गायन कर रहे हैं। श्रीराम सांस्कृतिक रामलीला कमेटी की पहल पर आज ठाडा डूँगा, कोली ठेक, पाटन पाटनी व लोहाघाट के होल्यार दलों ने प्रतिभाग किया।